## खास-खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत लाडली बहनों के लिए रतलाम में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रतलामः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ गुलाब चक्कर रतलाम में आयोजित किया गया। इसके साथ ही लाडली बहनाओं हेतु वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठतम लाडली बहना के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से किया गयाए तत्पश्चात जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधौलिया ने अतिथियों का स्वागत किया गया। श्री बुधौलिया द्वारा अपने उद्बोधन में वित्तीय साक्षरता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समस्त महिलाओं को इसकी जानकारी होनी चाहिएए क्योंकि हमारी आधी आबादी महिलाओं की हैए हमारी लाडली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रतिमाह राशि प्राप्त होती है। उसका सदुपयोग किस प्रकार से किया जाए।यह कार्यक्रम उसी उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सेबी मास्टर ट्रेनर श्रीमती अनिता गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं को बजट बनानेए निवेश करने एवं ऑनलाइन फ्रॉड से किस प्रकार सुरक्षित रहे संबंधी जानकारी प्रदाय की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रही। आभार प्रदर्शन सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी के द्वारा किया गया।

### खोना बाबा कल्याणकारी समिति की बैठक संपन्न

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेलीः** गत दिवस खोना बाबा कल्याणकारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार जैन के द्वारा की गई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 मार्च, बुधवार को भगवान आदिनाथ खोना वाले बाबा का छठवां वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव दिवस पर प्रातः से लेकर रात्रि कालीन तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 11 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न झाँकियां और भजन मंडलियां शामिल होंगी। विशेष पूजन व अभिषेकः प्रातः काल 9 बजे से बाबा का विशेष मस्तकाभिषेक और शांतिधारा महाआरती का आयोजन होगा। भजन कार्यक्रम : कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भंडारा (महाप्रसाद): कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम को लेकर बैठक के माध्यम से समिति के सदस्यों को पृथक पृथक जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### पहली बार 36 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह ठंड के मौसम के बाद पहली बार है जब पारा इतना ऊपर पहुंचा है। जिले का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। इससे पहले, अधिकतम तापमान लगातार 25 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था। होली के त्योहार के बाद अब अचानक गर्मी का अहसास होने लगा है, जो गर्मी के आगमन का संकेत है। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में पिछले सवा दो महीनों में मौसम के चार अलग-अलग रूप देखे गए हैं। जनवरी में कड़ाके की ठंड थी, जबकि फरवरी में गर्मी, ठंड और बारिश तीनों मौसमों का अनुभव हुआ। अब मार्च महीने में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि अब धीरे-धीरे अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होगी। वर्तमान में कोई वेस्टर्न डिस्टरबेंस या केंद्रीय साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय नहीं है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि आने वाले दिनों में गर्मी की शुरुआत हो जाएगी।

### मां के साथ घर लौट रही युवती के गले से झपटी सोने की चेन, अज्ञात बदमाश फरार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** शहर के लालाघाटी थाना क्षेत्र में चैन स्नेचिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गिरवर रोड पर पैदल अपनी मां के साथ घर लौट रही एक युवती के गले से एक अज्ञात बदमाश ने सोने की चेन झपट ली और पलक झपकते ही मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता लक्ष्मी अपनी मां के साथ कसेरा बाजार गई थी। वहां से दोनों पैदल-पैदल गिरवर स्थित अपने घर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान मंसूरी कॉलोनी के समीप एक अज्ञात युवक अचानक उनके पास पहुंचा और लक्ष्मी के गले पर झपट्टा मारकर करीब 2 से 3 ग्राम वजनी सोने की चेन तोड़ ली। जब तक पीड़िता और उसकी मां कुछ समझ पातीं या शोर मचातीं, आरोपी तेजी से मौके से भाग निकला। घटना के बाद घबराए परिजनों ने शाम करीब 7.30 बजे पुलिस को वारदात की सूचना दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना की सूचना मिलते ही लालाघाटी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना स्थल के आसपास मुआयना कर जांच शुरू की। लालाघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट के समाधान हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिला प्रशासन द्वारा जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल आपूर्ति के प्रबंधनों के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुपम गोहई ने ज़िले में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट एवं हैंडपंप खराबी की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर एक विशेष प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। आमजन अपनी पेयजल संबंधी शिकायतें कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 07592-250663 पर दर्ज करा सकते हैं।

# 10वीं का पेपर देने जा रहे भाई-बहन की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

**पारिवारिक जमीन विवाद बना खूनी रंजिश का कारण**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, आष्टाः** सीहोर जिले के आष्टा में सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुरी गांव में शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 10वीं का पेपर देने जा रहे भाई-बहन पर उनके ही ताऊ और चचेरे भाई ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में वारदात की वजह पारिवारिक जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान शीतल (20) और कुलदीप (19) के रूप में हुई है। इस मामले में उनके ताऊ हरिसिंह मालवीय (55) और चचेरे भाई हेमंत मालवीय (28) को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार हरिसिंह मालवीय और जगदीश मालवीय सगे भाई हैं। दोनों के बीच वन भूमि पर कब्जे को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि 20 अक्टूबर 2025 को हरिसिंह के बेटे रितेश (23) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव और बढ़ गया था। इस दौरान हरिसिंह ने जगदीश की पत्नी सीमाबाई से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में हरिसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

**पेपर देने जाते समय किया हमलाः** जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह शीतल और कुलदीप 10वीं की परीक्षा देने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान रास्ते में हरिसिंह और उसके बेटे हेमंत ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों को तब तक पीटा गया, जब तक उनकी सांसें थम नहीं गईं। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। आरोपी मौके से फरार हो गए, जिन्हें बाद में पुलिस ने पकड़ लिया। घायल भाई-बहन को परिजन तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के पिता जगदीश मालवीय का कहना है कि यह हमला अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे गहरी साजिश थी। जगदीश के मुताबिक आरोपी हरिसिंह को पता था कि आज दोनों बच्चों का पेपर है और वे इसी रास्ते से जाएंगे। वह सुबह से ही हाथ में लठ लेकर रास्ते में छिपा बैठा था। परिवार का कहना है कि पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपी ने मासूम बच्चों को निशाना बनाया। इस घटना के बाद से पिता और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पोस्टमॉर्टम रूम के बाहर हंगामाः** घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के पोस्टमॉर्टम कक्ष के बाहर जमकर हंगामा किया। इस दौरान एक कॉन्स्टेबल के साथ मारपीट भी कर दी गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह स्थिति संभाली। हंगामे की सूचना मिलते ही आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे और पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर तक समझाइश के बाद मामला शांत कराया जा सका। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कराया। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## परिवहन विभाग द्वारा बिना दस्तावेज संचालित वाहनों पर की कार्रवाई




**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** मंदसौर जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी पी.एस. भीलाला ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालित हो रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 12 आटो रिक्शा, एक टाटा मैजिक, दो विक्रम टेम्पो तथा एक यात्री बस को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान कुछ वाहनों में दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर तीन वाहनों से लगभग 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इसके अतिरिक्त जिन वाहनों पर कर बकाया था, उनसे करीब 60 हजार रुपये का बकाया कर भी जमा कराया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा इस प्रकार की वाहन जांच की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके।

## मीडिएशन फॉर नेशन अभियान के तहत न्यायाधीशों का प्रशिक्षण संपन्न





**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की समय पर पहचान, प्रभावी रेफरल एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मीडिएशन फॉर नेशन अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान के तहत न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के नेतृत्व में जिला न्यायालयों में पदस्थ न्यायाधीशगणो के लिए राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो दो चरणों में 14 फरवरी और 28 फरवरी को संपन्न हुआ। सीहोर जिले से प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह सहित जिला एवं तहसील न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों द्वारा इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रभावी रेफरल ही सफल मध्यस्थता प्रणाली की आधारशिला है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर, युवक की मौत

**रायसेन।** जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नेशनल हाईवे-45 पर सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौकेपर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बाड़ी निवासी 25 वर्षीय जितेंद्र कहार के रूप में हुई है। वह अपने साथी लोकेश अहिरवार के साथ बरेली से बाड़ी स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही बाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जितेंद्र कहार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल लोकेश अहिरवार का अस्पताल में उपचार जारी है।

## चैत्र नवरात्र की तैयारियों को लेकर डांगवाली श्रीमहामाई सेवा समिति की बैठक संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** चैत्र नवरात्र महोत्सव विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर सिरोंज के ग्राम वीरपुर स्थित डांगवाली श्रीमहामाई माता मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर श्रीमहामाई सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों को दायित्व प्रदान किए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नही करना पड़े। बैठक से पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि मंदिर एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, यह प्रशासन का प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की ओर से लापरवाही की शिकायत नहीं आनी चाहिए। समय पर बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

बैठक में पुलिस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, वन विभाग, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों को आवश्यक दायित्व प्रदान किए गए। पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन का वाचन रमेश यादव ने किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा मां कर्मादेवी जयंती महोत्सव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** साहू समाज द्वारा भक्ति शिरोमणि मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव 15 मार्च, रविवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जगदीश मंदिर पहुंचेगा, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में साहू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष जितेंद्र साहू एवं महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू की अध्यक्षता में आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से चल समारोह के अध्यक्ष के रूप में श्री धनराज साहू को नियुक्त किया गया, वहीं महिला मंडल चल समारोह अध्यक्ष की जिम्मेदारी श्रीमती संदीपा साहू को सौंपी गई। सभी समाजजनों ने नव-निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई दी और आयोजन को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को अनुशासित और भव्य रूप से संपन्न कराने का सुझाव दिया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां कर्मा देवी जन्मोत्सव को सफल बनाने की अपील की गई।

## होली मिलन समारोह आज

**सीहोर।** होली के पावन अवसर पर स्थानीय बस स्टेण्ड पर 7 मार्च, शनिवार को सांय 6 बजे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में नगर के वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति नगर के गणमान्य नागरिक व मातृ शक्ति की गरिमामय उपस्थिति होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर फु लो की होली मनाने का आयोजन रखा गया है।

**रंगपंचमी जिले में रहेगा शुष्क दिवसः** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिले की समस्त 71 कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल होटलबार, एफएल रिसोर्ट बार, गोदाम तथा समस्त देशी मद्यपान दुकाने बंद रहेंगी।

## अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई की निंदा, राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने अमेरिका और इजरायल द्वारा कथित कार्रवाई को लेकर विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने आरोप लगाया कि ईरान के सुप्रीम लीडर, उनकी पत्नी, बेटी और परिवार के सदस्यों को निशाना बनाकर की गई कार्रवाई अत्यंत निंदनीय है।

ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार के राष्ट्रपति से अपील की गई कि वे अपनी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का उपयोग करते हुए युद्ध को रोकने के लिए दबाव बनाएं तथा इस प्रकार की हिंसक घटनाओं की निंदा करें। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि युद्ध और हिंसा से केवल निर्दोष लोगों का नुकसान होता है, इसलिए विश्व शांति बनाए रखने के लिए कूटनीतिक प्रयास जरूरी हैं। इस दौरान समाज के लोगों ने शांति और भाईचारे का संदेश देते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## शास्त्रीय संगीत सभा राग मंत्र का आयोजन



**जबलपुर।** शास्त्रीय संगीत के विकास एवं उन्नयन की दृष्टि से जबलपुर में आर्ट हब, हैदराबाद एवं आई. टी.सी. संगीत रिसर्च अकादमी, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह, गोलबाजार में शनिवार दिनांक 7 मार्च को सायं 06:30 से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में देश के विख्यात गायक पं. उल्हास कशालकर (पुणे) के शास्त्रीय गायन के साथ पं. सुरेश तलवलकर (पुणे) की तबला संगत एवं श्री शौनक रॉय, सरोद (कोलकाता) के साथ श्री जयंत सरकार (कोलकाता) तबला संगत की प्रस्तुती होगी। कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक अखिलेश सप्रे ने सभी संगीत प्रेमियो से उपस्थित होने की अपील की है।

## सम्राट अशोक सागर बांध की नहरों का संचालन बंद

**विदिशा।** सम्राट अशोक सागर संभाग क्रमांक दो के कार्यपालन यंत्री राजकुमार पंडलोई के अनुसार सम्राट अशोक सागर बांध से रबी फसलों की सिंचाई हेतु जल प्रदाय बन्द कर दिया गया है। बांध में उपलब्ध जल से पेयजल, औद्योगिक उपयोग तथा अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में जल आरक्षित रखने के उपरांत ही नहर संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है।

## हिन्दू उत्सव समिति द्वारा भव्य जुलूस निकाला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** होली के पावन पर्व के अवसर पर श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य होली जुलूस का आयोजन किया गया। रंगोत्सव के उपलक्ष्य में 04 मार्च को प्रातः 09 बजे श्री हनुमान मंदिर पाटनदेव से इस भव्य जुलूस की शुरुआत हुई। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं,और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूरे नगर में होली के रंग और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

जुलूस के प्रारंभ से पहले श्री हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसके पश्चात भगवान हनुमान जी के जयकारों के साथ जुलूस आगे बढ़ा। जुलूस में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर युवा नाचते-गाते नजर आए। कई स्थानों पर नगरवासियों ने जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय एवं प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

जुलूस के दौरान रंग-गुलाल उड़ाकर लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। पूरे मार्ग में धर्म और संस्कृति से जुड़े जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवमय हो गया।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि खत्री ने जुलूस में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने किया भैरूंदा एवं रेहटी के अनेक विकास निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में कलेक्टर बालागुरू के. ने शुक्रवार को भैरूंदा एवं रेहटी तहसील में चल रहे स्कूल भवन निर्माण, जल जीवन मिशन परियोजना, कृषि उपज मंडी सहित अनेक विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने रेहटी के तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, युग्विजय यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**नरवाई न जलाने के लिए किसानों को किया प्रेरितः** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. भेरूंदा तहसील के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने पटवारियों और किसानों से संवाद कर उन्हें नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है तथा वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने के बजाय इसके वैज्ञानिक एवं वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि किसानों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जाए और नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जाए।

**जल जीवन मिशन परियोजना का किया निरीक्षणः** कलेक्टर ग्राम लाडकुई पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है और इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।